जल संचय और पर्यावरण संरक्षण को बनाएं जीवन शैली का हिस्सा : प्रेमचंद बैरवा

■ उप मुख्यमंत्री ने ली वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान की समीक्षा बैठक

उदयपुर। उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने शनिवार को जिला परिषद सभागार, उदयपुर में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने अभियान के तहत अब तक हुए कार्यों की प्रगति जानी और संबंधित विभागों से विस्तार से जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया, उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन, ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी व जिला कलक्टर नमित मेहता भी उपस्थित रहे।

बैरवा के उदयपुर आगमन पर जिला प्रशासन की ओर से उनका स्वागत किया गया। बैठक में जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी रिया डाबी ने अभियान में अब तक हुए कार्यों की पीपीटी के माध्यम से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अभियान में उदयपुर जिला प्रदेश में दूसरे स्थान पर है। जिले में अब तक 5000 से अधिक इंवेट आयोजित हो चुके हैं जिनमें तकरीबन 7 लाख लोगों की सहभागिता रही। उपमुख्यमंत्री बैरवा ने अभियान में जिले की उपलब्धियों की सराहना करते हुए पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने एक विशेष सोच के साथ अभियान की शुरूआत की है। वंदे गंगा अभियान केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि इसे जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना होगा। जल संचय और पर्यावरण संरक्षण को दैनिक जीवन में आदत के रूप में विकसित करना होगा, तभी इस अभियान की सार्थकता सिद्ध होगी। उप मुख्यमंत्री ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा को जनआंदोलन बनाने के लिए अधिकतम जनसहभागिता सुनिश्चित की जाए, ताकि आने वाली पीढ़ियों को जल संकट से बचाया जा सके। बैठक में उप मुख्यमंत्री ने वन विभाग, पीएचईडी, पंचायतीराज, नगर निकाय, शिक्षा, जल संसाधन, विद्युत निगम आदि विभागों के अधिकारियों से अभियान के तहत हुए किए गए कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने जल स्त्रोतों के संरक्षण, आमजन को जागरूक करने संबंधी गतिविधियों, हरयाळो राजस्थान अभियान के तहत पौधरोपण लक्ष्य और उसकी तैयारियों आदि की भी समीक्षा की।उन्होंने आगामी मानसून सत्र के दौरान आपदा प्रबंधन को लेकर सभी विभागों को सतर्क रहकर समन्वय के साथ काम करने के निर्देश दिए। बैरवा ने नगर निकाय और पंचायतीराज के अधिकारियों को शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित ऐसी बावड़ियों और कुओं को सूचीबद्ध करने के निर्देश दिए, जो उपेक्षित हैं। साथ ही कार्ययोजना बनाकर उन पारंपरिक जलस्त्रोतों का जीर्णोद्धार कराकर पुनजीर्वित करने के निर्देश दिए। बैठक के अंत में उपमुख्यमंत्री बैरवा ने सभी अधिकारियों को वंदे गंगा जल संरक्षण एवं जन अभियान के तहत जल एवं पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया। बैठक में एडीएम प्रशासन दीपेंद्रसिंह राठौड़, एडीएम सिटी वारसिंह, नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश, प्रशिक्षु आइएएस सृष्टि डबास, अधीक्षण अभियंता जलग्रहण अतुल जैन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

वंदे गंगा अभियान की समीक्षा बैठक लेते उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा।

चार सौ से अधिक अपराधी एवं अपराधी प्रवृत्ति के बदमाश गिरफ्तार

उदयपुर । शहर पुलिस ने तलाशी अभियान चला कर चार सो सैतीस अपराधी एवं अपराधी प्रवृत्ति के बदमाशों को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त ुलिस अधीक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाडा, अंजना सुखवाल के सुपरविजन में गठित पुलिस दल ने रविवार सवेरे शहर एवं जिले के विभिन्न पुलिस थाना क्षेत्रों में रविवार तडके विशेष तलाशी अभियान चला कर 914 स्थानों पर दबीश दी। इस दौरान थाधिकारियों के नेतृत्व गठित 135 टीमों में शामिल करीब पुलिस दल के 535 अधिकारी व कर्मचारियों ने कार्वाही करते हुए 437 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। जिनमें आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, आबकारी अधिनियम, हत्या, हत्या का प्रयास, लूट, डकैती, आदि अन्य अपराधों में वांछित 18 अभियुक्त 74 स्थाई वारंटी, सामान्य प्रकरण मेंवांछित 26 अभियुक्त तथा निरोधात्मक कार्यवाही में नवीन विधिक प्रावधानों के तहत 301 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। अभियान के दौरान स्थानीय माईनर एक्ट की कार्यवाही करते हुए आबकारी, आर्म्स एक्ट व एनडीपीएस एक्ट के तहत 21 प्रकरण दर्ज कर कुल 18अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

सार-समाचार

विमान दुर्घटना के मृतक मेनारिया का पैतृक गांव में हुआ अंतिम संस्कार

उदयपुर। अहमदाबाद विमान दुर्घटना में हताहत हुए वरदीचंद मेनारिया का अंतिम संस्कार रविवार को पैतृक गांव रुण्डेडा में किया गया। अंतिम यात्रा में बडी संख्या में ग्रामीणो व समाजजनों के साथ पूर्व विधायक धर्मनारायण जोशी, पूर्व उपप्रधान मोहन मेनारिया,भाजपा नेता डॉ.विजय विप्लवी, पूर्व सरपंच मोतीलाल भट्ट व कर्मचारी नेता गोपीलाल मेनारिया व पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि अहमदाबाद में 12 जून को हुए प्लेन क्रेश हादसे में राजस्थान के 14 लोगों की मौत हुई है। हादसे का शिकार परिवारों को बॉडी मिलनी शुरू हो गई है। उदयपुर के वरदीचंद की बॉडी 14 जून को उनके परिवार को सौंप दी गई। भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष पिंकी मांडावत ने बताया कि उदयपुर के ही भाई बहन शुभ और शगुन मोदी का अंतिम संस्कार अहमदाबाद में रविवार को किया गया । इनके पिता मार्बल व्यवसायी हैं।

नाईट वुमन रन में दौड़ी महिलाएं

उदयपुर । सेफ वुमन- सेफ उदयपुर की थीम पर झीलों की नगरी में पहली बार वुमन नाईट रन हुई जिसमें महिलाओं ने दो किमी दौड़कर संदेश दिया कि उदयपुर में महिलाएं एकजुट है, महिलाएं ना सिर्फ दिन में बल्कि रात में भी सेफ है।आयोजन यशवंत फाउंडेशन की कनिष्का श्रीमाली और ग्लोबल पब्लिकेशन के डायरेक्टर रवि मल्हौत्रा के द्वारा आयोजित किया गया। कनिष्का श्रीमाली ने बताया कि पहली ही बार में उदयपुर की महिलाओं ने इस नाईट रन को सफल बना दिया 200 से ज्यादा ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन हुए जिसमे 15 साल की युवतियों से लेकर 65 साल की महिलाओं ने भी सेफ वुमन सेफ उदयपुर रन को सार्थक करने के लिए दौड लगाई। रन में 15 से 30 वर्ष आयु वर्ग में विद्या राजपूत प्रथम ,हर्षिता द्वितीय और भागवंती तृतीय रही। 31 से 65 वर्ष के वर्ग में विनीता प्रथम, कल्पना द्वितीय और नीतू शर्मा तृतीय रही जिन्हें अतिथियों के हाथों पुरस्कृत किया गया। डायरेक्टर रवि मल्हौत्रा ने बताया कि नाईट वुमन रन को महाकालेश्वर मंदिर परिसर से पूर्व राज्यमंत्री जगदीश राज श्रीमाली, आकाश बागडी, डॉ. दीपा सिंह, मुकेश माधवानी, सुशीला मेहता, कुसुम भंसाली, राजीव सुराणा, खुशबू मालवीया, प्रीति डेम्बला, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। महिलाएं महाकालेश्वर से राजीव गांधी गार्डन तक रन करते हुए पहुंची जहां विजेताओं के सम्मान के साथ ही सभी प्रतिभागियों को मैडल ओर प्रशस्ति पत्र अतिथियों द्वारा सौंपे गए।

जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता का समापन, विजेता खिलाड़ियों का सम्मान

उदयपुर। उदयपुर के बीएन तरणताल पर आयोजित 15वीं दाईजी जोधसिंह जी मेमोरियल जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता का रविवार को समापन हुआ। प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद सी.पी. जोशी, अध्यक्षता राज्यसभा सांसद माननीय चुन्नीलाल गरासिया, भाजपा शहर जिलाध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड़ एवं ग्रामीण जिलाध्यक्ष पुष्कर तेली, नवल सिंह चुंडावत, कमलेश हाथी, भगवान स्वरूप वैष्णव, हर्षवर्धन पुरोहित मौजूद रहे। तैराकी संघ के संरक्षक डॉ. चन्द्रगुप्त सिंह चौहान ने बताया कि इस प्रतिष्ठित तैराकी प्रतियोगिता में 300 से अधिक बालक-बालिकाओं ने विभिन्न आयु वर्गों में भाग लिया। सचिव दिलीप सिंह चौहान ने बताया कि प्रतियोगिता ने न केवल तैराकी प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया, बल्कि खेल के माध्यम से सामाजिक समरसता, अनुशासन और राष्ट्रीय चेतना को भी प्रोत्साहित किया। समापन समारोह में दीपक शर्मा, नरेंद्र सिंह असोलिया, आकाश बागरेचा, प्रदीप रावानी, शांतिलाल जैन, आसमा खान (पूर्व प्रधान कुराबड), राहुल जैन, अशोक मालवीय, दिव्या जोशी, कुंतल जोशी, सुनील पालीवाल आदि मौजूद रहे। अतिथियों ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु प्रतियोगिता निदेशक रणवीर सिंह राणावत, योशिता व्यास, कोमल, शौर्य राणावत की सराहना करते सम्मानित किया । प्रतियोगिता के समापन पर बालक वर्ग प्रथम में हिमांशु सामोता, सिरजन सिंह, अक्षत शर्मा, सोम्या खमेसरा, नीव चौधरी, विधान सनाढ्य, बालक वर्ग द्वितीय में आर्य वर्धन सिंह, व्योम उपाध्याय, गौरांग पालीवाल, बालक वर्ग तृतीय विहान व्यास, हर्षदित्य सिंह राणावत, मेधांश, मंथन कुमावत, बालिका वर्ग प्रथम मनसाची कौर बग्गा, विधि सनाढ्य, रिधिमा सिंह, बालिका वर्ग द्वितीय अनन्या दाधीच, आलिया सक्सेना, छवि वैष्णव, बालिका वर्ग तृतीय रिंकल पुजारी तथा बिना फ्लोटर के दिविता राज, रिशांक चौधरी के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी भेंट कर सम्मानित किया गया।

एनडीए सरकार के सफलतम 11 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यशाला आयोजित

उदयपुर ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार के सफलतम 11 वर्ष पूर्ण होने पर रविवार को उपलब्धियां पर आधारित कार्यशाला एवं प्रबुद्धजन सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें मुख्य वक्ता सांसद एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी एवं प्रदेश उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बेरवा थे । संभाग मीडिया प्रभारी चंचल कुमार अग्रवाल ने बताया कि कार्यशाला में जिला अध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड़ ने सभी अतिथियों एवम कार्यकर्ताओ का स्वागत करते हुए किये गए एवम आगामी कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान की।उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने कहां कि डबल इंजन की सरकार में नेतृत्व क्षमता अतुलनीय है, 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई कड़े फैसले लिए जो देश की जनता के लिए एक सपने थे जैसे धारा 370 हटाना,तीन तलाक, आदि मुख्यमंत्री भजनलाल के नेतृत्व में राइजिंग राजस्थान के तहत माईनिंग, इलेक्ट्रिकल,जल संसाधन, पेट्रोलियम आदि विभिन्न क्षेत्रों में कई एमओयू किए गए, उन्होंने कहा कि उदयपुर जिला हमेशा ही प्रदेश में संगठन के कार्यों में आगे रहता है मैं सौभाग्यशाली हूं कि आज मैंने सभी देवतुल्य कार्यकर्ताओं के दर्शन किए। मुख्य वक्ता सांसद एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने सपने नहीं हकीकत बुनते हैंइसीलिए मोदी को चुनते हैं कहते हुए विगत 11 वर्षों में मोदी जी के नेतृत्व में जनकल्याण एवं गरीब कल्याण के कार्यों की जानकारी देते हुए 2047 के विजन से एक समृद्ध भारत एवं विकसित भारत की परिकल्पना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की है उसे हर कार्यकर्ताओं के सहयोग से पूरा करना है। उन्होंने 2014 से पहले के कार्यों एवं 2014 के बाद के कार्यों की तुलना करते हुए विभिन्न कार्य मोदी जी द्वारा किए गए उसको विस्तृत रूप से बताया।

आने वाली पीढियों के लिए जल का संरक्षण करना जरुरी: मनीष गलुण्डिया

■ रेनवाटर हार्वेस्टिंग के क्षेत्र में उत्कर्ष कार्य के लिए महेश गढ़वाल का सम्मान

उदयपुर 'जल के अभाव में न तो जीवन सम्भव है और न ही पारस्थितिक तंत्र। जल के महत्व को स्वीकार करते हुए इसका अपव्यय रोकना एवं इसको संरक्षण प्रदान करना आवश्यक है।'

उपरोक्त विचार उदयपुर चेबर ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष मनीष गलुण्डिया ने व्यक्त किये। गलुण्डिया रविवार को जिला उद्योग केंद्र, उदयपुर द्वारा 'वन्दे गंगा' जल संरक्षण अभियान के तहत चेबर सभागार में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिला कलेक्टर नमित मेहता उपस्थित रहे।अपने स्वागत भाषण में अध्यक्ष मनीष गलुण्डिया ने जल संरक्षण जैसे पुनीत कार्य में यूसीसीआई की ओर से हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर रूफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग के क्षेत्र में उत्कर्ष कार्य के लिए जिला कलेक्टर द्वारा वर्षा जल विशेषज्ञ महेश गढ़वाल को सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर नमित मेहता ने कहा कि उदयपुर की पहचान इसकी झीलों और जल संस्कृति से है। उन्होंने सरकार द्वारा जल संरक्षण हेतु उठाए गए विभिन्न कदमों की जानकारी दी और सभी हितधारकों से अभियान को जनांदोलन बनाने का आग्रह किया। उन्होंने उपस्थित उद्यमियों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में रीको के वरिष्ठ उप-महाप्रबन्धक अजय पंड्या ने औद्योगिक क्षेत्रों में जल संरक्षण के लिए की गई पहलों पर प्रकाश डाला।वाटरशेड विभाग के अधीक्षण अभियन्ता अतुल जैन ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से अभियान के उद्देश्यों, जल स्त्रोतों की सफाई, जल पुनर्भरण की गतिविधियाँ,वॉटर शेड निर्माण,सोक पिट्स के निर्माण एवं श्हरियाळो राजस्थानश् के अंतर्गत वृहद पौधारोपण जैसे विषयों पर जागरूकता बढ़ाई।

हल्दीघाटी की धरा पर राष्ट्र चेतना यज्ञ के साथ होगा समारोह

■ प्रताप गौरव केन्द्र में हल्दीघाटी युद्ध के 450वें वर्ष के उपलक्ष्य में वर्षभर होंगे आयोजन

उदयपुर। इतिहास में शौर्य का प्रतीक माने जाने वाले ऐतिहासिक हल्दीघाटी युद्ध के 450वें वर्ष के उपलक्ष्य में उदयपुर के प्रताप गौरव केन्द्र राष्ट्रीय तीर्थ में शौर्य और गौरवशाली इतिहास की पुनर्चेतना की हुंकार के साथ वर्ष भर आयोजन किए जाएंगे। आयोजनों का शुभारंभ हल्दीघाटी विजय दिवस 18 जून को हल्दीघाटी की धरा पर राष्ट्र चेतना यज्ञ से होगा। महाराणा प्रताप स्मारक स्थल पर वेदमंत्रों के साथ यज्ञाहुतियां देकर जन-जन से वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के शौर्य को स्मरण करने तथा उनके राष्ट्र के प्रति समर्पण के भाव को मन में धारण करने का आव्हान किया जाएगा।

वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप समिति के अध्यक्ष प्रो. भगवती प्रकाश शर्मा ने बताया कि महाराणा प्रताप की विजयगाथा को जनमानस तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रताप गौरव केन्द्र, राष्ट्रीय तीर्थ पर हल्दीघाटी विजय सार्द्ध चतु शती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह समारोह 1576 के ऐतिहासिक हल्दीघाटी युद्ध के 450 वें वर्ष के उपलक्ष्य में किया जा रहा है, जो एक संपूर्ण वर्ष तक देशभर में उत्साह, गौरव और राष्ट्र चेतना के साथ मनाया जाएगा। कार्यकारिणी सदस्य चंद्रगुप्त सिंह चौहान ने बताया कि आयोजन में मेवाड के गांव-गांव को जोडने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हल्दीघाटी युद्ध केवल एक ऐतिहासिक संघर्ष नहीं, बल्कि स्वतंत्रता, आत्मबलिदान और राष्ट प्रेम का प्रतीक है। समारोह संयोजक सीए महावीर चपलोत ने बताया कि हल्दीघाटी में प्रातः 8 बजे से राष्ट्र चेतना यज्ञ होगा। यज्ञ की पूर्णाहुति पर महाप्रसादी होगी। इसके बाद दोपहर 2 बजे से हल्दीघाटी विजय संदेश यात्रा आरंभ होगी। हल्दीघाटी से रवाना होकर विजय संदेश यात्रा बलीचा, कालोडा, लोसिंग, कडिया, ईसवाल, अम्बेरी, सुखेर, आरके सर्कल, फतहपुरा, सुखाड़िया सर्कल, मीरा कन्या महाविद्यालय, कोर्ट चौराहा, शास्त्री सर्कल, दुर्गानर्सरी, कुम्हारों का भट्टा, सेवाश्रम, हंसा पैलेस, सेक्टर-4 जैन मंदिर, सेक्टर 4 चौराहा, नारायण सेवा संस्थान, सिक्ख कॉलोनी, सूरजपोल, उदियापोल, गुलाबबाग रोड, जगदीश चौक, घंटाघर, हाथीपोल, चेतक सर्कल, यूडीए सर्कल, सहेलियों की बाडी, विद्या भवन देवाली, मदार नहर मोड नीमचखेडा होते हुए प्रताप गौरव केन्द्र पहुंचेगी।

सहसंयोजक डॉ. मदन सिंह राठौड ने बताया कि यात्रा का उदयपुर शहर में भी जगह-जगह स्वागत किया जाएगा। समारोह के प्रथम सोपान (18 से 25 जून) के दौरान चित्रकला कार्यशाला भी होगी। कार्यशाला संयोजक डॉ. रामसिंह भाटी ने बताया कि पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र के सहयोग से होने वाली कार्यशाला में 25 चित्रकार मेवाडी चित्रशैली की विविधताओं को कैनवास पर उकेरेंगे।

हृदय रोग परामर्श शिविर में 423 लोगों ने लिया परामर्श

उदयपुर। भारतीय जैन संघटना व जैन जागृति सेन्टर उदयपुर एवं एपिक हॉस्पिटल अहमदाबाद के संयुक्त तत्वावधान में मानव सेवा को समर्पित उदयपुर और आस.पास के क्षेत्रवासियों के लिए विशाल निःशुल्क हृदय रोग परामर्श शिविर रविवार को शुभ केसर गार्डन में जिसमे 423 लोग लाभान्वित हुए । बीजेएस अध्यक्ष दीपक सिंघवी व जेजेसी कार्यकारी अध्यक्ष नितिन लोढा ने बताया कि शिविर सुबह 9 बजे से प्रारम्भ हुआ जिसमें अलगअलग स्लॉट के माध्यम से करीब 423 शहरवासियों और आस पास के लोगों ने परामर्श लिया। शिविर में प्रख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ डा.अनिल जैन और उनकी टीम द्वारा सभी लोगों को परामर्श दिया । शिविर में मरीजों को निशुल्क दवाइयां भी दी गईं। बीजेएस के कार्यकारी अध्यक्ष भूपेन्द्र गजावत एवं बीजेएस के महामंत्री जितेन्द्र सिसोदिया ने बताया कि शिविर में वरिष्ठ कार्डियोवैस्कुलर सर्जन व कार्डियक इंटेंसिविस्ट फिजिशन ने रोगियों को परामर्श दिया।

प्लेजर केंद्रित से प्रेयर केंद्रित बनेगा जल दृष्टिकोण

उदयपुर। जीवनदायी जल स्त्रोतों के प्रति वंदन, पूजन ,सेवा, समर्पण के भाव से ही वे स्वस्थ व समृद्ध बनेंगे। यह विचार रविवार को आयोजित वन्दे गंगा जल संवाद में व्यक्त किए गए। संवाद को संबोधित करते हुए विद्या भवन पॉलिटेक्निक के प्राचार्य डॉ अनिल मेहता ने कहा कि उदयपुर बेसिन के सभी जलस्त्रोत गंगा नदी प्रवाह तंत्र में स्थित है। उदयपुर को भारत सरकार ने रिवर सिटी के रूप में स्वीकार किया हुआ है। ऐसे में उदयपुर के विकास का हर मॉडल जल , झील , नदी के प्रति प्रार्थना, श्रद्धा व वंदन स्थापित करने वाला होना चाहिए। मेहता ने कहा कि वंदे गंगा अभियान नदियों, झीलों के प्रति दृष्टिकोण को प्लेजर आधारित से बदल कर प्रेयर आधारित बनाएगा। झील विकास प्राधिकरण के पूर्व सदस्य तेज शंकर पालीवाल ने कहा कि जल व जलस्त्रोतों को उपभोग की वस्तु मान लेने से ही इन का क्षरण व विनाश हो रहा है।

शिक्षा व खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शनी करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान

उदयपुर। उदयपुर मेवाड शासनिक राव समाज प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम में दसवीं एवं 12वीं में 80 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली प्रतिभाओं एवं खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं का प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया गया।

एकीकृत प्रदेश मीडिया प्रभारी राव गोपाल सिंह आसोलिया ने बताया कि समारोह में अतिथि हुकम कवर राव सहायक कलेक्टर कोटा, हिम्मत सिंह तहसीलदार, नेत्रपाल सिंह डीवाईएसपी, अजय सिंह राव सीआई, दिलीप सिंह आईडाणा प्रदेश सचिव कांग्रेस कमेटी, रोड सिंह आसोलिया, प्रहलाद सिंह सेवाली, श्रवण सिंह डेलवास , खुमान सिंह भीटवाडा। इस मौके पर हुकम कवर ने कहा कि प्रतिभाएं संकल्प लेकर मेहनत करें जरूर आगे बढेंगे। एवं बालिकाओं को कठिन परिश्रम कर आगे बढाने की प्रेरणा दी। डीएसपी नेत्रपाल सिंह , सीआई अजयसिंह राव, तहसीलदार हिम्मत सिंह, दिलीप सिंह आईडाणा, श्रवण सिंह डेलवास, खुमान सिंह भीटवाडा, रोड सिंह आसोलिया ने भी विचार रखें। कार्यक्रम में अध्यक्ष कानसिंह महुडा, भगवत सिंह नादाना, भगवत सिंह खाम की मादडी, अशोक सिंह राणा, नरेंद्र सिंह सायरा, मदन सिंह आईडाणा, अरविंद सिंह नादाना, वीरेंद्र सिंह सेवाली, दिलीपसिंह, हिम्मत सिंह, उदय सिंह, उमराव सिंह राव आदि मौजूद थे।

मेवाड शासनिक राव समाज प्रतिभा सम्मान में प्रतिभाओं का सम्मान किया।

गीतांजली में फादर्स डे मनाया, 200 वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया

उदयपुर, । गीतांजलि में फादर्स डे कार्यक्रम में महाराणा प्रताप वरिष्ठ नागरिक संस्थान के अध्यक्ष भंवर सेठ सहित लगभग 200 वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया। वरिष्ठ नागरिकों का स्वागत मार्केटिंग हेड कल्पेशचन्द रजबार ने किया।

महाराणा प्रताप वरिष्ठ नागरिक संस्था के अध्यक्ष भंवर सेठ ने फादर्स डे के अवसर पर उपस्थितजनों को भावभीना संबोधन दिया, जिसमें उन्होंने पिता की जीवन में भूमिका, अनुशासन और त्याग पर मार्मिक बातें साझा कीं। फादर्स डे पर वरिष्ठ नागरिकों द्वारा कविता पाठ प्रस्तुत ने सभी को भावविभोर कर दिया। डॉ संजय गांधी, डॉ. आशीष जाखेटिया कैंसर सर्जन, डॉ. पंकज त्रिवेदी यूरोलॉजिस्ट, डॉ. दिलीप जैन, हृदय रोग विशेषज्ञ, गीतांजली डेंटल से डॉ. सौरभ ने कार्यक्रम की एक विशेष कडी रही विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा स्वास्थ्य संबंधी जानकारी व जागरूकता प्रदान की व सवाल जवाब भी किये। हर्निया लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ मोहित कुमार बडगुजर द्वारा गीतांजली हॉस्पिटल में लेप्रोस्कोपिक सर्जरी द्वारा किये जा रहे सफल ऑपरेशन को चित्रों के माध्यम से दिखाया व गीतांजली हॉस्पिटल में मौजूद अत्याधुनिक तकनीकों के बारे में भी जानकारी प्रदान की। सभी डॉक्टरों ने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने, नियमित परीक्षण करवाने और वृद्धावस्था में सतर्कता के महत्व पर जोर दिया। कल्पेश चन्द रजबार द्वारा भंवर सेठ को फादर्स डे मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया । कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों द्वारा गीत व कविता की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी । साथ ही, कई वरिष्ठ सदस्यों ने अपने पिता से जुडे संस्मरण एवं पिता होने के अनुभव साझा कर माहौल को भावनात्मक और प्रेरणादायक बना दिया।

'बीते 11 वर्षों में आमजन के कल्याण के लिए कटिबद्ध रही मोदी सरकार ने देश की दशा व दिशा बदल दी'

उदयपुर। पिछले 11 वर्षो के कालखंड में भारत ने सशक्त भारत,समृद्ध भारत,और स्वस्थ्य भारत की परिकल्पना को लेकर विकसित भारत तक पहुंचने का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। यह कार्य हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व सम्भव हुआ है और इस विससित भारत के सपने को साकार होते हुए हम सभी देख रहे है।

यह बात रविवार को यहाँ भाजपा कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता मे चित्तौडगढ सांसद सी.पी.जोशी ने कही । उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने हर क्षेत्र में प्रगति की है,चाहे महिला सशक्तिकरण हो ,शहरो और गाँवों का विकास हो,परिवहन सुविधाओ में रेल, सडक ,हवाई मार्ग की सुविधाओ का विस्तार और विकास हुआ है । जोशी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्ष की उपलब्धियां की विवेचना करते हुए महिला सशक्तिकरण की विभिन्न योजनाओं को विस्तृत रूप से बताते हुए,कृषि, शिक्षा, चिकित्सा, सैन्य, धार्मिक, विरासत समृद्धि करण के साथ ही, इस दौरान राम मंदिर बनाना,कश्मीर से धारा 370व 35। हटाना, तीन तलाक कानून हटाना,रेलए सडक एवं वायुमार्ग के विस्तार पर चर्चा की ।

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सीपी जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री के मजबूत संकल्प अदम्य इच्छा शक्ति और जन कल्याण की चिंता करते हुए जिस प्रकार से उन्होंने गरीब के स्तर को ऊंचा करते हुए भारत की तस्वीर बदलने का काम किया जिसमें उन्होंने आमजन से लेकर हर क्षेत्र में भारत की बुलंदियों को आगे बढने का काम किया। उन्होंने बताया कि आतंकवादी और अलगाववादी गतिविधियों चरम पर थी लेकिन उन पर काफी हद तक लगाम लगाई जा चुकी है हाल ही में पहलगाम पुलवामा जैसी घटनाओं का मोदी सरकार ने जिस प्रकार से कडा जवाब दिया विश्व में भारत को सशक्त राष्ट्र के रूप में प्रतिष्ठा प्राप्त हुई। उन्होंने कोविड काल में पीपीई किट और वैक्सीन का स्वदेशी निर्माण की बात करते हुए कहा कि देश भर में ही नहीं विदेशों में भी तीन.तीन बार वैक्सीन लगाई गई। उन्होंने कहा कि बीते 11 वर्षों में भारत ने सेवा सुशासन सामाजिक न्याय महिला सशक्तिकरण और सांस्कृतिक विरासन के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां दर्ज की है। उन्होंने कहा कि 60 वर्षों में जो नहीं हुआ वह बीते 11 वर्षों में हुआ है। हर क्षेत्र में भारत ने अभूतपूर्व प्रगति की है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने दुनिया को दिखा दिया कि भारत केवल अपने लिए नहीं बल्कि पूरी दुनिया के लिए सोच रखता है वन नेशन वन इलेक्शन वन नेशन वन राशन और पीएम सूर्यगढ योजना जैसे दृष्टिकोण भारत को आत्मनिर्भर बना रहे हैं। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि किस प्रकार से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बुलंद इरादों से भारत की सेना ने पाकिस्तान को चार दिनों में घुटने पर ला दिया। उन्होंने कहा कि हाल ही में राष्ट्र को समर्पित दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे ब्रिज चिनार, अटल टनल, सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा दिल्ली में सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा चंद्रयान की सफलता आदि की चर्चा करते हुए कहा कि इन 11 वर्षों में भारत ने अभूतपूर्व सफलता प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि 11 वर्षों की उपलब्धियां को कुछ ही मिनिटों में बताना संभव नहीं लेकिन जिस प्रकार से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहले ही दिन से देशवासियों के लिए काम करना शुरू किया है वह अनवरत जारी है। उनका लक्ष्य विकसित भारत 2047 से जब भारत विश्व का नेतृत्व करने में सक्षम होगा इस अवसर पर राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया, शहर विधायक ताराचंद जैन, ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा आदि उपस्थित थे।

पत्रकारों को संबोधित करते चित्तौडगढ सांसद सी.पी.जोशी ।

मोदी सरकार के 11वर्षो के पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदर्शनी

उदयपुर । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में मोदी सरकार के 11 स्वर्णिम वर्षो के पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा कार्यालय में प्रदर्शनी कार्यक्रम का पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, चितौडगढ सांसद सी पी जोशी ने उद्घाटन किया। सोशल मिडिया संभाग संयोजक खुशबू मालवीय ने बताया कि इस दौरान राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया,विधायक फूलसिंह मीणा, विधायक ताराचंद जैन , भाजपा शहर जिलाध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड, जिला प्रभारी बंसीलाल खटीक देहात जिलाध्यक्ष पुष्कर तेली, सहकारिता प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक प्रमोद सामर,पूर्व उपमहापौर पारस सिंघवी सोशल मीडिया संभाग प्रभारी खुशबू मालवीय, संभाग मीडिया प्रभारी चंचल कुमार अग्रवाल, जिला सह संयोजक सुनीत दवे,मण्डल अध्यक्ष सहित बडी संख्या में भाजपा पदाधिकारीगण जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ (डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय)
कुल कुटुम्बीजन
हम अपनी मातृ संस्था के कीर्तिशेष शिखर पुरुष - प्राण प्रतिष्ठापक - महाशिल्पी, बौद्धिक सम्पदा के मेरुदंड, शाश्वत नैतिकता के असाधारण शिलालेख, मानव महत्ता की अक्षय मंजूषा, ज्ञानराशि की दुर्लभ पाण्डुलिपि तथा दीप्त अस्मिता और सांस्कृतिक गरिमा के प्रतीक पुरुष मूर्धन्य
महामनीषी पं. जनार्दनराय नागर
को उनकी 114वीं जयंती पर श्रद्धापूर्वक नमन करते उनके सारस्वत सपनों को साकार कर